# 137 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं**




**नवभारत न्यूज**
**रायसेन, 02 जून. जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन को जनसामान्य के और करीब लाने के उद्देश्य से आयोजित जनसुनवाई में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे.**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित इस जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निराकरण कराया. वहीं गंभीर मामलों में संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए. जनसुनवाई प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनती जा रही है, जहां लोग अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और राजस्व संबंधी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं. जनसुनवाई में भी लोगों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें और आवेदन प्रस्तुत किए.कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना. उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें. उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें. जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे.

> जनसुनवाई में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क, आवास तथा अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे. कलेक्टर ने कुछ मामलों में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया, जबकि अन्य प्रकरणों में विभागीय अधिकारियों को समयसीमा में कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## राजेश गुप्ता होंगे नए रायसेन परिवहन अधिकारी

**रायसेन.** राज्य शासन द्वारा जारी की गई परिवहन विभाग की नवीन स्थानांतरण सूची के बाद रायसेन परिवहन कार्यालय में बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला है. जिले में पदस्थ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जगदीश भील का तबादला श्योपुर जिले के लिए कर दिया गया है, जबकि उनकी जगह राजेश गुप्ता को रायसेन का नया परिवहन अधिकारी नियुक्त किया गया है. इस बदलाव के बाद परिवहन विभाग से जुड़े लोगों और आम नागरिकों के बीच नई कार्यशैली को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं. परिवहन विभाग आमजन से सीधे जुड़ा हुआ विभाग माना जाता है, जहां प्रतिदिन ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीयन, परमिट और अन्य कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं. ऐसे में विभागीय नेतृत्व में बदलाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

# रेलवे बाउंड्रीवाल से बढ़ी किसानों की मुश्किलें

**हजारों ग्रामीणों को हुई आवागमन में परेशानी**



**नवभारत न्यूज**
**सलामतपुर, 02 जून. सांची विकासखंड के ग्राम अंबाडी और आसपास के गांवों में रेलवे विभाग की एक कार्रवाई ने हजारों ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है. केमखेड़ी और घोड़ा चौक जाने वाले प्रमुख मार्ग को पूरी तरह बंद किए जाने की तैयारी के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं.**

उनका कहना है कि यदि जल्द कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे. ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे विभाग द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण के चलते वर्षों पुराना आवागमन मार्ग समाप्त होने की कगार पर है, जिससे किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. पहले इस स्थान पर रेलवे फाटक था, जिससे लोग आसानी से एक ओर से दूसरी ओर आवागमन करते थे. बाद में रेलवे विभाग ने फाटक बंद कर अंडरपास पुलिया का निर्माण कराया, लेकिन बरसात के मौसम में पुलिया में पानी भर जाने से यह मार्ग भी अक्सर बाधित रहता था. इसके बावजूद ग्रामीण किसी तरह इसी रास्ते का उपयोग करते रहे. अब रेलवे विभाग द्वारा अंडरपास क्षेत्र के आसपास बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है, जिससे यह मार्ग पूरी तरह बंद होने की आशंका है. ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से 8 से 10 गांवों के हजारों लोग आवागमन करते हैं. बड़ी संख्या में किसानों की कृषि भूमि रेलवे लाइन के दूसरी ओर स्थित है. धान की बोवनी का समय नजदीक है और ऐसे में ट्रैक्टर, खाद, बीज तथा कृषि उपकरण खेतों तक पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा. यह मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़क को जोड़ता है. यदि रास्ता बंद हो गया तो करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क का उद्देश्य भी प्रभावित होगा.

# पति पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी से गुहार

**पत्नी कर रही शादी की फोटो संग न्याय की गुहार**



**रायसेन, 02 जून. रायसेन जिले के सांचेत स्थित काल भैरव धाम के पीठाधीश्वर सुनील सराठे की पत्नी आरती सेन सोमवार शाम पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं.उन्होंने एसपी आशुतोष गुप्ता को शिकायती आवेदन सौंपकर पति सुनील सराठे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.**

आरती सेन अपने साथ शादी की एल्बम भी लेकर आई थीं. उन्होंने दावा किया कि उनकी शादी सुनील सराठे से विधि-विधान से हुई थी. आवेदन में उन्होंने अपने वैवाहिक संबंधों और हालिया विवाद से जुड़ी जानकारी पुलिस को दी. रती सेन ने आवेदन में बताया कि 24 मई को वह काल भैरव धाम में प्रसाद चढ़ाने गई थीं. इस दौरान वह अपनी गुरुबुआ के साथ रामप्रसाद विश्वकर्मा के घर पहुंचीं. उनका आरोप है कि इसी दौरान उनके पति सुनील सराठे और देवर अनिल सराठे वहां पहुंचे और घर के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे.उन्होंने आरोप लगाया कि सुनील सराठे ने वहां मौजद लोगों को धमकियां भी दीं. विवाद बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया. इसके बाद वह वहां से चली गईं. 27 मई की रात रामप्रसाद विश्वकर्मा के परिवार पर हमला किया गया.

# राजस्व मामलों के निराकरण में लाएं तेजी : कलेक्टर

**रायसेन, 02 जून. कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण, फार्मर रजिस्ट्री, गिरदावरी, सीएम हेल्पलाईन आदि की विस्तृत समीक्षा की.**

एसडीएम तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सीमांकन के 49 प्रतिशत प्रकरणों, बंटवारा के 46 प्रतिशत प्रकरणों तथा नामांतरण के 54 प्रतिशत प्रकरणों का ही निराकरण होने पर सभी एसडीएम और तहसीलदारों को प्रकरणों में निराकरण में तेजी लाते हुए आगामी पांच दिवस में 80 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदारों से कहा कि अभी जिले में गिरदावरी कार्य की प्रगति बेहद कम है. यह कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाना है, इसलिए सभी अधिकारी प्राथमिकता से गिरदावरी कार्य पूर्ण कराएं. उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कार्य की जानकारी लेते सभी को निर्देशित किया.

## सिलवानी में एटीएम बंद होने से नगदी संकट गहराया

**सिलवानी.** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों नगदी की भारी कमी के कारण आम नागरिकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. स्थिति यह है कि कई बैंक शाखाओं और एटीएम में पर्याप्त नगदी उपलब्ध नहीं होने से ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार राशि नहीं निकाल पा रहे हैं. नगदी संकट का असर निजी और सरकारी दोनों बैंकों में देखने को मिल रहा है. पिछले कुछ दिनों से बैंक शाखाओं में लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन ग्राहकों को उनकी मांग के अनुरूप नगद राशि उपलब्ध नहीं हो पा रही है. कई एटीएम या तो खाली पड़े हैं या उनमें सीमित मात्रा में नगदी होने के कारण जल्दी ही रकम समाप्त हो जा रही है.



# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का हल्लाबोल

**रायसेन, 02 जून.** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्य प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है. संघ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपे गए नोटिस के अनुसार, कर्मचारी आज यानी 2 जून 2026 से सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. मुख्य मांगों में मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी को की गई घोषणा के अनुसार नियमितीकरण का लाभ देना, एनपीएस व स्वास्थ्य बीमा का लाभ, अन्य राज्यों की तरह 10% वार्षिक वेतन वृद्धि और नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता व अवकाश प्रदान करना शामिल है.

## एक नजर में

### ई-उपार्जन पोर्टल पर 15 जून तक होगा मूंग पंजीयन

**रायसेन, 02 जून.** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 25 मई से ग्रीष्मकालीन मूंग के पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं. पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून 2026 है. जिन भी किसानों ने मूंग की बुवाई की है वे शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर निर्धारित लिंक से पंजीयन कर सकते हैं. इसके अलावा सुविधा केंद्रो पर भी पंजीयन कराया जा सकता है. किसान एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकते हैं. पंजीयन के लिए किसान अपने साथ भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, फोटो पहचान पत्र लेकर पहुंचें. इसके अलावा सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान पंजीयन के लिए अपने साथ आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाइल नंबर, वन पट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति साथ ले जाएं. किसानों से खरीदी जाने वाली फसल का भुगतान उनके आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा. इसलिए सभी किसान अपने आधार नम्बर से बैंक खाता तथा मोबाईल नंबर लिंक कराकर रखें, ताकि कोई असुविधा न हो.

### डीजे संचालक के मकान से लाखों की चोरी

**सलामतपुर, 02 जून.** दीवानगंज क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है. खेड़ापति मंदिर के पास खेत में बने एक मकान से अज्ञात चोर डीजे गाड़ी पर रखी तीन साउंड मशीनें चोरी कर ले गए. घटना में डीजे संचालक को करीब 3 से 4 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है. डीजे संचालक हेमराज कुशवाहा ने मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे बताया कि वह डीजे संचालन का कार्य करते हैं. किसी कार्यक्रम में जाने की तैयारी के चलते उनकी डीजे गाड़ी खेत स्थित मकान के पास खड़ी थी, जिसमें साउंड मशीनें रखी हुई थीं. घटना के समय वह मकान में ही सो रहे थे. अज्ञात चोर तार फेंसिंग को काटकर परिसर में घुसे और डीजे गाड़ी पर रखी तीन साउंड मशीनें चोरी कर ले गए. सुबह घटना की जानकारी लगने पर हड़कंप मच गया. पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. क्षेत्र में हुई इस चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में भी चिंता का माहौल है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.

# गिरदावरी में सुस्ती, मूंग पंजीयन अटका

**बगमगज, 02 जून. बगमगज तहसील में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द उत्पादक किसान इन दिनों बड़ी परेशानी का सामना कर रहे हैं. राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी कार्य की धीमी गति और ई-उपार्जन पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के कारण किसानों का पंजीयन नहीं हो पा रहा है.**



परिणामस्वरूप किसान खरीदी केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं और समर्थन मूल्य पर फसल बेचने को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं. सरकार ने मूंग और उड़द खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की है। ऐसे में अब महज 12 दिन शेष बचे हैं, लेकिन अभी तक बड़ी संख्या में किसानों का पंजीयन शुरू नहीं हो पाया है। सुमेर, सुनेहरा, पांडाझिर और पन्दरभटा में पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, लेकिन गिरदावरी अधूरी होने से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है. इस वर्ष बेगमगंज तहसील में मूंग की खेती का रकबा काफी बढ़ा है. कृषि विभाग के अनुसार लगभग 2200 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंग और करीब 1000 हेक्टेयर में उड़द की बुवाई की गई है. अच्छी पैदावार की उम्मीद के बीच अब किसानों को अपनी उपज बेचने की चिंता सताने लगी है. किसान नेता सौरभ शर्मा, जाहर सिंह लोधी, मनोज यादव, बालगिरी गोस्वामी और सुनील यादव का कहना है कि किसानों ने भीषण गर्मी में सिंचाई कर भारी लागत से फसल तैयार की है. अब समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए पंजीयन जरूरी है, लेकिन गिरदावरी पूरी नहीं होने से पूरा काम ठप पड़ा है. उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसानों को मजबूरन व्यापारियों को कम दाम पर उपज बेचनी पड़ेगी.

# मंगोलिया पहुंचे बुद्ध शिष्यों के पवित्र अवशेष

**भव्य स्वागत संग शुरू हुए पावन दर्शन**




**रायसेन, 02 जून. असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों, अरहंत सारिपुत्र एवं अरहंत मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेषों को भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से मंगोलिया लेकर पहुंचे.**

मंगोलिया पहुंचने पर हवाई अड्डे पर मंगोलिया के शिक्षा मंत्री एल.एंख-अमगलान तथा गंडनतेगचेनलिंग मठ के मुख्य महंत खाम्बा नोमुन खान गेशे ल्हारम्पा डी. जावज़ानदोरज ने उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। पवित्र अवशेषों के यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से नमन कर अपनी आस्था व्यक्त की. राज्यपाल आचार्य के साथ अपर मुख्य सचिव संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व और सामान्य प्रशासन शिव शेखर शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, भारत एवं श्रीलंका के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित रहा। मंगोलिया के प्रमुख मठों के महंत, अनेक बौद्ध भिक्षु तथा मंगोलिया के पूर्व (तीसरे) राष्ट्रपति नामबारिन एंखबयार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

## पंचायत अनिमिताओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

**बेगमगंज.** ग्राम पंचायत कल्याणपुर में विकास कार्यों में वित्तीय अनिमिताओं एवं राशि आहरण किए जाने पर भी निर्माण कार्य नहीं कराने वाले सरपंच एवं सचिव पुत्र पर आरोप लगाते हुए कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं सीईओ को एक ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है. सुनील यादव के द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि जल गंगा अभियान के अंतर्गत खेत तालाब निर्माण के हितग्राहियों राजेश पिता मंशाराम, सुदीप पिता प्रकाश की राशि आहरण किए जाने के बाद भी निर्माण कार्य अभी तक नहीं कराया गया.

# रुद्राभिषेक प्रभावी उपाय : पं. हरिकेश

**बेगमगंज, 02 जून. भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे प्रभावी उपाय रुद्राभिषेक कर शिव आराधना करते हुए स्थानीय रहवासियों द्वारा भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए यतन किए जा रहे है.**



पुरुषोत्तम माह के पावन पर्व पर तहसील के ग्राम सलैया में यजमान रामेश्वर लोधी के निवास स्थान पर महामृत्युंजय जाप एवं पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण चल रहा है. पुरुषोत्तम माह में भगवान शिव का अभिषेक करने का बड़ा महत्व एवं कई शिव मंदिरों में रोजाना पार्थिव शिवलिंग निर्माण और अभिषेक चलने ओर पुरुषोत्तम माह में धार्मिक आयोजन और रुद्राभिषेक का अपना महत्व बताते हुए ज्योतिषाचार्य हरिकेश शास्त्री तिंसुआ वाले ने कहाकि रुद्राभिषेक का अर्थ है भगवान रुद्र का अभिषेक अर्थात शिवलिंग पर रुद्र के मंत्रों के द्वारा अभिषेक करना चाहिए। कोई मनोकामना हो तो सच्चे मन से रुद्राभिषेक कर के देखें.

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की टिप्पणी पर युवा कांग्रेस ने जताया विरोध

**जीतू पटवारी विवाद के बीच हुआ यज्ञ**


**रायसेन, 02 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मुख्यमंत्री मोहन यादव की आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में युवा कांग्रेस ने सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया.**

यह कार्यक्रम सोमवार शाम 5 बजे ओबेदुल्लागंज रेलवे अंडरब्रिज चौराहे पर हुआ.युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में आयोजित इस यज्ञ में मुख्यमंत्री मोहन यादव को सद्बुद्धि प्रदान करने की कामना की गई.कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा के प्रयोग पर जोर दिया. लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है. इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'मोहन यादव शर्म करो' के नारे भी लगाए.

**मौसम** | अचानक तापमान में 5 से 8 डिग्री तक आई गिरावट

# 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी, उड़े टीन-छप्पर

**नवभारत न्यूज**
**रायसेन, 02 जून. रायसेन जिले में नौतपा के दौरान मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है. जहां नौतपा के शुरुआती दिनों में तेज गर्मी और तपिश का असर देखने को मिला, वहीं चौथे नौतपा के बाद से मौसम ने अचानक करवट ले ली.**



आसमान में बादल छाने लगे और आंधी-तूफान के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया. इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली. शनिवार और रविवार की रात जिले में तेज आंधी चली. मौसम विभाग के अनुसार हवा की रफ्तार करीब 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी. तेज हवाओं के बाद जिले के कई हिस्सों में बारिश भी हुई. आंधी और बारिश के कारण वातावरण में ठंडक घुल गई. कई स्थानों पर लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की और दिनभर की उमस भी कम हो गई. बारिश और बादलों के कारण दिन और रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई. मौसम विभाग के अनुसार जिले में तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ है. सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. तापमान में आई गिरावट का असर सुबह और रात के समय विशेष रूप से महसूस किया गया.

सोमवार सुबह मौसम पूरी तरह साफ रहा और तेज धूप निकली. दिनभर धूप रहने के कारण लोगों को लगा कि मौसम सामान्य हो गया है, लेकिन शाम होते-होते एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली. आसमान में बादल छा गए और धूलभरी आंधी चलने लगी. इसके बाद कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी दर्ज की गई. मौसम के इस लगातार बदलते स्वरूप ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन मौसम की अनिश्चितता भी बढ़ा दी. सोमवार को बरेली तहसील सहित जिले के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई.

> इस वर्ष मध्यप्रदेश में मानसून सामान्य समय की तुलना में 5 से 7 दिन देरी से पहुंच सकता है. फिलहाल प्रदेश में जो बारिश हो रही है, वह मानसून की नहीं बल्कि प्री-मानसून गतिविधियों का परिणाम है. आने वाले दिनों में भी मौसम का यही मिजाज बना रह सकता है. तेज हवाएं, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. मौसम में आए बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत जरूर मिली है, तेज आंधी और तूफान को देखते हुए सावधानी बरतने की आवश्यकता है.

# 45 दिवसीय प्रशिक्षण में निखरेंगे युवा

**आईटीआई पाठ्यक्रमों की दी गई जानकारी**



**नवभारत न्यूज**
**रायसेन, 02 जूर्न. राज्य शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक-युवतियों को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 प्रारंभ की गई है.**

इस योजना के तहत जिले के 137 बालक-बालिकाओं को माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर रायसेन में 45 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है. मंगलवार को कन्या शिक्षा परिसर के सभाकक्ष में जिले में संचालित शासकीय आईटीआई से प्राचार्य शिवाली तोमर ने प्रतिभागियों को वर्तमान सत्र में कॉलेज में आरंभ होने वाले विभिन्न आईटीआई पाठ्यक्रम में प्रवेश की जानकारी साझा की एवं पाठ्यक्रम के दौरान मिलने वाले भत्तों के बारे में विस्तार से बताया. प्रशिक्षण अधिकारी प्रदीप खातरकर ने प्रतिभागियों को विभिन्न आईटीआई पाठ्यक्रमों की महत्ता एवं वर्तमान परिवेश में इनकी आवश्यकताओं से अवगत कराया. इसी प्रकार प्रशिक्षण अधिकारी राजेश ठवरे ने शासकीय आईटीआई में विद्यार्थियों हेतु सुविधाएं तथा आधुनिक शिक्षा पद्धति का प्रयोग कर कौशल विकास के बारे में बताया. इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक नवीन गुप्ता, शबरी कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य सुधीर जैन एवं अधीक्षिका लक्ष्मी परिहार भी उपस्थित रहीं.